कु. धिनिधि देसिंघु

कु. धिनिधि देसिंघु, 14 साल की तैराकी स्टार और केन्द्रीय विद्यालय डीआरडीओ, बंगलुरु की 9वीं कक्षा की विद्यार्थी हैं। के.वि. की यह होनहार विद्यार्थी पेरिस ओलंपिक-2024 में भाग लेने वाली भारत की सबसे कम उम्र की प्रतिभागी हैं। धिनिधि ने तैराकी में कई बड़ी सफलताएं अर्जित की हैं, जिनमें गोवा नेशनल गेम्स में 7 स्वर्ण पदक और दोहा में वर्ल्ड चौंपियनशिप में भाग लेना शामिल है। उन्होंने ओलंपिक में 200 मीटर फ्रीस्टाइल इवेंट में भाग लिया और वैश्विक मंच पर अपनी दृढ़ता और उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया।